## महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की तृतीय बैठक संपन्न

कु मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की सत्र 2024-25 की तृतीय त्रैमासिक बैठक दिनांक 7 अगस्त 2025 को महाविद्यालय की प्राचार्य, प्रोफेसर अनीता रानी राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य महोदया ने प्रकोष्ठ के नव नियुक्त सदस्यों का सदन से परिचय कराया। उन्होंने बैठक में उपस्थित समस्त पदधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा बैठक के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो दीप्ति वाजपेयी ने सदन के सम्मुख विगत बैठक में निर्धारित किए गए लक्ष्यों एवं कार्यक्रमों के सापेक्ष किए गए कार्यों की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। उक्त क्रम में उन्होंने गत तीन माह में किए गए कार्यों यथा - न्यूजलेटर 'प्रतिबिंब' का प्रकाशन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन, आइक्यूएसी वर्कशॉप के सफल आयोजन, परिसर के सौंदर्यीकरण, रोजगार मेले के सफल आयोजन, स्टूडेंट मेंटरशिप की रिपोर्ट, डिजिटल अधिकारिता के अंतर्गत छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट के वितरण, विभिन्न संस्थाओं से किए गए एम ओ यू, महाविद्यालय की पत्रिका 'ज्ञानाञ्जलि' एवं पुस्तक 'शोधाञ्जलि' के प्रकाशन की प्रगति, पुरातन छात्रा सम्मेलन के सफल आयोजन, महाविद्यालय के ऑटोनॉमस स्टेटस के लिए आवेदन तथा महिला छात्रावास के आज ही माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा किए गए शिलान्यास इत्यादि से सदन को परिचित कराया। सदन के सभी प्रतिभागियों द्वारा उक्त कार्यों का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। प्रो. वाजपेई ने विगत तीन माह की अन्य उपलब्धियों यथा- इंडिया टुडे रैंकिंग में महाविद्यालय की श्रेष्ठ रैंकिंग, पंचायत दिवस के सफल आयोजन, इंडस्ट्री विजिट, नव नियुक्त प्राध्यापकों का स्वागत समारोह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह, हर घर तिरंगा कार्यक्रमों के आयोजन, वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, एनसीसी/एनएसएस गतिविधियों, राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन, कर्मयोगी आई-गोट पोर्टल पर प्राध्यापकों द्वारा किए गए कोर्सेज तथा प्राध्यापकों के प्रोन्नति समारोह से भी सभा को पीपीटी के माध्यम से परिचित कराया। इसी क्रम में उन्होंने आगामी तीन महीनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। तत्पश्चात उन्होंने महाविद्यालय के उन्नयन हेतु उपस्थित गणमान्य सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। सुझावों के क्रम में एकेडमिक प्रतिनिधियों प्रो राजीव नयन, दिल्ली विश्वविद्यालय ने उन बिंदुओं को रेखांकित किया जिन में महाविद्यालय उल्लेखनीय प्रगति कर सकता है। श्री गौरव चौधरी प्राचार्य, आईटीआई बादलपुर ने कौशल परक शिक्षा पर जोर दिया। प्रोफेसर किशोर कुमार प्राचार्य, मिहिर भोज पीजी कॉलेज, दादरी ने शैक्षिक उन्नयन और बेरोजगारी के क्षेत्र में महाविद्यालय की उपलब्धियों और संभावनाओं को रेखांकित किया। डॉ. पारुल सक्सेना, शारदा विश्वविद्यालय ने छात्राओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया।

औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने एक स्वर से अपने सहयोग का हाथ बढ़ाया तथा नमो ई-वेस्ट मैनेजमेंट के प्रतिनिधि विशाल विवेक ने महाविद्यालय परिसर को कचरा मुक्त बनाने हेतु अमूल्य सुझाव दिए। श्रीमती महेशमति ग्राम प्रधान बादलपुर ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री सुदेश कुमार एनजीओ स्पंदन प्रतिनिधि, अभिभावकों, छात्राओं, पुरातन छात्राओं ने भी महाविद्यालय की प्रगति एवं उन्नयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। महाविद्यालय के नैक कोऑर्डिनेटर प्रो दिनेश चंद शर्मा ने छात्राओं की तकनीकी शिक्षा के उन्नयन पर विशेष जोर दिया। बैठक के अंत में प्राचार्य, प्रोफेसर अनीता रानी राठौर ने इस बैठक को सबसे सफल आइक्यूएसी बैठक बताया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सामाजिक बाधाओं को पहचान कर उन्हें समस्त स्टेकहोल्डर के सहयोग से दूर करने पर जोर दिया। महाविद्यालय के शैक्षिक उन्नयन के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा को रोजगार से जोड़ने, छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं परिसर को कचरा मुक्त बनने पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके अमूल्य सुझावों हेतु आभार व्यक्त किया। आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ की उक्त बैठक के सफल आयोजन में प्रकोष्ठ के समस्त सदस्यों - प्रो दिनेश चंद शर्मा, प्रो शिवानी वर्मा, डॉ नीरज कुमार, (लेफ्टिनेंट) डॉ मीनाक्षी लोहनी, डॉ नेहा त्रिपाठी, डॉ परवेज शमीम एवं डॉ प्रीति बाला शर्मा ने महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान दिया।



**Prof. Anita Rani Rathor**
**Principal**

**Prof. Deepti Bajpai**
**IQAC Convenor**